10-563

	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
	2	3

अभिलेख उपस्थापित।

बुधन भुइंया पिता स्व0 हुलास भुइंया, निवास स्थान ग्राम-मण्डईखुर्द, पोस्ट-सुधार विद्यालय, थाना-सदर हाल थाना-लोहसिंघना ओ0पी0, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-नवडीहा, थाना नं0-162, खाता संख्या-39 प्लॉट संख्या-823, 858 एवं 947 रकवा क्रमशः 0.01 एकड़, 0.0075 एकड़ एवं 0.0025 एकड़ कुल रकवा 0.02 एकड़ (02 डिसमिल) (दो डिसमिल) भूमि मंजु देवी पति परमेश्वर रविदास, निवास स्थान ग्राम-केवला, पोस्ट-पदमा, थाना-बरही ओ0पी0 पदमा, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदक एवं प्रस्तावित क्रेता का जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र एवं भूमि संबंधी कागजात संलग्न करते हुए आवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-17/2023 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 106/रा0 दिनांक 11.01.2023 द्वारा अंचल अधिकारी, सदर को आम इश्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 834 दिनांक 28.04.2023 से जाँच प्रतिवेदन, आम इश्तेहार का तामिला प्रतिवेदन, ट्रेस नक्शा एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इश्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग से प्राप्त प्रतिवेदनानुसार –

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं हजारीबाग जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि खतियान से हासिल है। खतियान के अनुसार रैयती किस्म की भूमि है। खतियानी रैयत हुलास भुइंया वगै0 हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 4.61 एकड़ भूमि है। पंजी-II अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित कुल रकवा 2.7825 एकड़ भूमि है। पंजी-II के पृष्ठ संख्या-39/1 पर ऑनलाईन में हुलास भुइंया के नाम से जमाबंदी दर्ज है। लगान रसीद वर्ष 2022-23 तक निर्गत् है। आवेदक के पिता जमाबंदी रैयत हैं। भूमि संयुक्त खाते की है। आवेदक घरेलु बँटवारा के अनुसार अपने हिस्से की भूमि बिक्री कर रहे हैं। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् संयुक्त खाते में रकवा 2.7625 एकड़ भूमि बचती है। विक्रेता को भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू-अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन विभाग की भूमि/ सरकारी भूमि के

अनुसूची-14 फारम सं0-563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी
1	2	

अन्तर्गत नहीं है तथा BLR Act Section-4h से मुक्त है। विक्रेता का दखल कब्जा है।

प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के अनुशंसा के आलोक में बुधन भुइंया पिता स्व0 हुलास भुइंया, निवास स्थान ग्राम-मण्डईखुर्द, पोस्ट-सुधार विद्यालय, थाना-सदर हाल थाना-लोहसिंघना ओ0पी0, जिला-हजारीबाग को छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-नवडीहा, थाना नं0-162, खाता संख्या-39 प्लॉट संख्या-823, 858 एवं 947 रकबा क्रमशः 0.01 एकड़, 0.0075 एकड़ एवं 0.0025 एकड़ कुल रकबा 0.02 एकड़ (02 डिसमिल) (दो डिसमिल) भूमि मंजु देवी पति परमेश्वर रविदास, निवास स्थान ग्राम-केवला, पोस्ट-पदमा, थाना-बरही ओ0पी0 पदमा, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

ह0/- 12/5/17
अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

ह0/- 12/5/17
अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2023.05.15 17:30:56 +05:30
Location: 192.168.0.104